प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 03.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. लोकसभा से पारित होने के बाद आज राज्यसभा में पेश हुआ वक्फ संशोधन विधेयक–2025।
2. झारखंड राज्य प्रवासी सुलभ सहायता योजना की शुरूआत करेगा श्रम विभाग, नए प्रवासी नियंत्रण केंद्र, प्रवासी कोषांग और पांच राज्यों में प्रवासी केंद्र खोले जाए जाएंगे।
3. झारखंड हाईकोर्ट में रांची की सड़कों को दुरुस्त करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर हुई सुनवाई, राज्य सरकार को एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश।
4. लोक आस्था और उपासना के महापर्व चैती छठ का आज तीसरा दिन, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे व्रती।
5. इंडियन सुपर लीग के सेमीफाइनल में आज जमशेदपुर एफसी और मोहन बागान की टीम होगी आमने–सामने, जमशेदपुर के जेआरडी टाटा कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा यह मैच।

*******************

राज्यसभा में आज वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 दोपहर एक बजे पेश हुआ। इससे पहले लोकसभा ने कल देर रात विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 पारित कर दिया है। लोकसभा में विधेयक के पक्ष में 288 सदस्यों ने मतदान किया जबकि 232 सदस्यों ने विधेयक के विरोध में मत डाले थे। इस विधेयक का मकसद विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ ही वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन सुव्यवस्थित करना है।

*******************

श्रम विभाग द्वारा झारखंड राज्य प्रवासी सुलभ सहायता योजना की शुरूआत की जाएगी। इस योजना के तहत नए प्रवासी नियंत्रण केंद्र, प्रवासी नियंत्रण कक्ष और प्रवासी कोषांग खोला जाएगा। इसके अलावा पांच राज्यों में भी प्रवासी केंद्र खोलने का प्रस्ताव है। वहीं झारखंड मुख्यमंत्री अंतराराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना के तहत विदेशों से मुक्त कराए गए श्रमिकों के लाने तथा विदेशों में मृत श्रमिकों को उनके घर तक लाने की व्यवस्था की जाएगी।

*******************

कोल इंडिया द्वारा राज्य का सबसे बड़ा सोलर प्लांट गिरिडीह जिला में स्थापित किया जाएगा। इस सोलर प्लांट की क्षमता 170 मेगावाट सौर ऊर्जा होगी। सीसीएल, गिरिडीह कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी जीएस मीणा ने बताया कि राज्य के सबसे बड़े सोलर हब के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है।

*******************

राज्य भर में रामनवमी के दौरान शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इस सिलसिले में सभी जिलों के पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड में रहने को कहा है। हजारीबाग में 20 तथा गिरिडीह में पांच पुलिस उपाधीक्षक प्रतिनियुक्त किए गए हैं। दुमका के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यहां रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठकों के साथ सभी थानों को 24 घंटे सतर्क रहने का निर्देश है।

*******************

वन विभाग द्वारा हजारीबाग में कनहरी पहाड़ के जैव विविधता के संरक्षण के लिए जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन होगा। इसके लिए स्थानीय प्रजातियों का पौधरोपण, संरक्षण और रोजगार सृजन की योजना तैयार होगी।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने राजधानी रांची की जर्जर सड़कों और संपर्क पथों को दुरुस्त करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को एक सप्ताह में जवाब दायर करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश दीपक रोशन की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया। अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।

*******************

रांची जिला के पिठौरिया थाना क्षेत्र स्थित हेटबालू टोली में 1 अप्रैल को सरहुल शोभायात्रा के दौरान हुई झड़प को लेकर आदिवासी संगठनों ने 24 घंटे में सभी आरोपियों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि अगर हमलावर नहीं गिरफ्तार होते हैं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

********************

बोकारो स्टील प्लांट, बीएसएल में नियोजन की मांग को लेकर विस्थापित अप्रेंटिस संघ का अनिश्चितकालीन धरना आज से शुरू हो गया है। इस दौरान उन्होंने प्लांट के मुख्य प्रशासनिक भवन के सामने हंगामा किया। विस्थापितों ने कहा कि बीएसल द्वारा प्रशिक्षण देने के दस वर्ष बाद भी अबतक नियोजित नहीं किया गया है।

********************

पलामू के शहर थाना क्षेत्र में विक्षिप्त नाबालिग की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने के मामले में आक्रोशित लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने आऱोपी की जमकर पिटाई की, जिसके बाद पुलिस कस्टडी में उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

********************

लोक आस्था और उपासना का महापर्व चैती छठ के आज तीसरे दिन व्रतधारी अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसे लेकर राजधानी रांची समेत राज्य के महत्वपूर्ण छठ घाटों पर साफ–सफाई के साथ अन्य जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। वहीं, कल सवेरे उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का समापन होगा।

********************

जमशेदपुर के जेआरडी टाटा कॉम्प्लेक्स में इंडियन सुपर लीग, आईएसएल का सेमीफाइनल मैच आज खेला जाएगा। इस मुकाबले में जमेशदपुर एफसी और मोहन बागान की टीम आमने सामने होगी। इधर, जमशेदपुर एफसी के पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश करने से स्थानीय दर्शकों में खासा उत्साह है। इस मैच को देखने के लिए अबतक सत्रह हजार से ज्यादा टिकटों की बिक्री हो चुकी है।

********************

बोकारो जिला चंदनक्यारी स्थित आवासीय तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र  के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल हो रहा है।

********************

धनबाद ने जेएससीए अंतर जिला अंडर–19 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया है. जमशेदपुर में आय़ोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल में धनबाद ने सिमडेगा पर छियासठ रन से शानदार जीत दर्ज की। वहीं, धनबाद लौटने पर खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट संघ की ओर से सम्मानित किया गया। टीम की कप्तान आईशा ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया।

********************

<u>संक्षिप्त खबरें–</u>

- रांची जिला के रातू थाना क्षेत्र में मेरियाटांड़ में दो जंगली हाथियों के प्रवेश से लोगों में दहशत है। इस सिलसिले में रातू पुलिस ने वन विभाग को जानकारी दे दी है।

****************